**NEW**

**2018**

**Part-III**

**HINDI**

**(SCIENCE)**

**Paper–Compulsory**

*Full Marks* : 50

*Time* : 2 Hours

*The figures in the right hand margin indicate full marks. Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*

1. निम्नलिखित अवतरणों की सप्रसङ्ग व्याख्या कीजिए : 2×8

क) खीरा ते सिर काटियो, मलियत लौन लगाय ।
रहिमन करुए मुखन को, चहियत इहै सजाय ॥

अथवा

नीड़ न दो चाहे टहनी का,
आश्रय छिन्न-भिन्न कर डालो,
लेकिन पंख दिए हैं तो
आकुल उड़ान में विघ्न न डालो ।

ख) जब तक करोड़ों भूखे और अशिक्षित रहेंगे, तब तक मैं प्रत्येक उस आदमी को विश्वासघातक समझूँगा, जो उनके खर्च पर शिक्षित हुआ है, परंतु, जो उन पर तनिक भी ध्यान नहीं देता ।

अथवा

किसी ने दार्शनिक मुद्रा में कहा ''अरे जिन्दगी का क्या भरोसा, मौत कहकर थोड़े आती है ।''

2. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए : 1×15

क) 'मित्रता' निबन्ध का मूल प्रतिपाद्य समझाकर लिखिए ।

ख) 'स्नेह निर्झर बिस गया'—बस कोटि की कविता है ? कवि की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए ।

3. किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5×3

क) 'युवाओं से' में विवेकानन्द भारत के राष्ट्रीय आदर्श के बारे में क्या विचार देते हैं ? लिखिए ।

ख) हल्कू कौन है ? उसके चरित्र की दो विशेषताएँ लिखिए ।

ग) 'भारतीय साहित्य की मूलभूत एकता' का मूल विचार क्या है ?

घ) कबीर की भक्ति भावना की तीन विशेषताएँ लिखिए ।

ङ) कम्प्यूटर की उपयोगिता को रेखांकित करते हुए अपने छोटे भाई के पास एक पत्र लिखिए ।

च) 'मनुष्य वही है जो मनुष्य के लिए मरे'—का भाव विस्तार पूर्वक लिखिए ।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1×4

क) विग्यान (वर्तनी शुद्ध करके लिखिए)

ख) उनलोग ने चार रोटी, खाइ । (वाक्य संशोधन कीजिए)

ग) हाथ मलना (मुहावरे का अर्थ लिखिए)

घ) 'दो कलाकार' के लेखक का नाम लिखिए ।

—o—